# अवैध रूप से ले जाई जा रही 46 किलो चांदी पकड़ाई

## 1.40 करोड़ की चार सिल्लियां स्कूटर से ले जाते दो गिरफ्तार







**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने अवैध रूप से ले जाई जा रही करीब 46 किलो चांदी जब्त कर दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. पकड़ी गई चांदी की कीमत करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए बताई जा रही है. आरोपी चार सिल्लियों के रूप में चांदी को एक्सेस स्कूटर से ले जा रहे थे, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है.

थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि मंगलवार 27 जनवरी को अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में बीट ड्यूटी के दौरान आरक्षक उदय सिंह तोमर और सैनिक अर्जुन यादव उषा नगर चौराहे पर मौजूद थे, इसी दौरान दोपहर करीब 1.40 बजे एक संदिग्ध नीले रंग की एक्सेस स्कूटर नम्बर एमपी 09 यूसी 8483 को रोका, स्कूटर पर सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गई. वाहन चालक ने अपना नाम सौरभ पिता कमलकिशोर सिसोदिया उम्र 25 वर्ष निवासी सुखदेव नगर मेन जबकि पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम पंकज पिता प्रहलाद निमावत उम्र 39 वर्ष निवासी हुकुमचंद कॉलोनी, थाना मल्हारगंज बताया था.

### स्कूटर की डिक्की में रखी मिली 4 सिल्लियां

पुलिस द्वारा स्कूटर की डिक्की की जांच करने पर उसमें चार धातु की वजनी सिल्लीनुमा पैकेट मिले. इनमें तीन बड़े और एक छोटा पैकेट था, जिन्हें पुराने न्यूज पेपर और पैकेजिंग टेप से लपेटकर छिपाया था. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सिल्लियां कच्ची चांदी की हैं और उन्हें सराफा इंदौर ले जाया जा रहा था, लेकिन मौके पर चांदी के संबंध में कोई बिल या रसीद प्रस्तुत नहीं कर सके.

### इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा मंगवाकर किया तौल

इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा मंगवाकर चांदी का वजन किया, जिसमें पहली सिल्ली का वजन 14.348 किलोग्राम, दूसरी का 14.900 किलोग्राम, तीसरी का 14.104 किलोग्राम तथा चौथी छोटी सिल्ली का वजन 2.848 किलोग्राम पाया गया. इस प्रकार कुल 46.2 किलोग्राम चांदी जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.40 करोड़ है. मामले में पुलिस ने चांदी और घटना में प्रयोग एक्सेस स्कूटर को जप्त कर लिया है. चांदी के सप्लायर और प्राप्तिकर्ता के संबंध में जांच की जा रही है. साथ ही आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को भी अलग से सूचना दी जा रही है.

# श्वानों का आतंक, गुलमर्ग परिसर में 7 को बनाया शिकार

### खजराना क्षेत्र में बालक को बुरी तरह नोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में आवारा और बीमार श्वानों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. बीते दो दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में श्वानों के हमलों से सात से अधिक लोग घायल हो गए. सबसे गंभीर स्थिति पूर्वी क्षेत्र के बिचौली स्थित ग्राम अंबामोलिया के गुलमर्ग परिसर और खजराना क्षेत्र में सामने आई है.

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने गुलमर्ग परिसर में एक बीमार और इन्फेक्टेड श्वान ने दो दिनों के भीतर 7 लोगों को काट लिया. इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं. 11 साल की एक बच्ची को भी श्वान ने काटा, जबकि एक महिला के हाथ समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर जख्म आए हैं. रहवासी वरुण जोशी ने बताया कि यह श्वान पिछले चार दिनों से इलाके में आतंक मचा रहा है. उसने एक पालतू श्वान को भी बुरी तरह झकझोर दिया. रहवासियों राहुल कौशिक, हरीश चौहान, निकुंज अग्रवाल और पंकज शर्मा का कहना है कि बीमार श्वान के कारण सैकड़ों परिवार दहशत में हैं. निगम में कई बार शिकायत करने के बावजूद श्वान को पकड़ने की कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते यह स्थिति बनी.







### शहर के अलग-अलग इलाकों से सामने आ रहीं श्वान के काटने की शिकायतें

इधर, दूसरा मामला खजराना थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 39 स्थित रॉयल पैलेस कॉलोनी का है. यहां एक श्वान ने एक बालक पर हमला कर दिया. बच्चा डर के मारे गिर पड़ा, जिसके बाद श्वान ने उसके सिर पर कई जगह काट लिया. दांतों के गहरे घाव सिर में आ गए. वहीं, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में भी बच्चे को काटा गया. शहर के अलग-अलग इलाकों से लगातार श्वान काटने की शिकायतें सामने आ रही हैं. लेकिन, गुलमर्ग परिसर और खजराना क्षेत्र की घटनाओं ने हालात की गंभीरता को उजागर कर दिया है. रहवासियों ने नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग की है.

# सनकी कातिल को जुर्म का कोई पछतावा नहीं

## घर में घुसकर गर्ल फ्रेंड के भाई की कर दी थी हत्या

**इंदौर.** एरोड्रम थाना क्षेत्र के अंजनी नगर में हुए सनसनीखेज हत्याकांड के आरोपी को अपनी करतूत पर जरा भी पछतावा नहीं है. एकतरफा प्यार में सनकी बने आरोपी वेदांत सोलंकी ने घर में घुसकर अपनी दोस्त के भाई विधान की हत्या कर दी थी, जबकि बीच-बचाव में आई मां अनिता को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था.

पुलिस के मुताबिक, 26 जनवरी की रात वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद के पेट में भी चाकू मारकर आत्महत्या की कोशिश की थी. फिलहाल उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही उसे रिमांड पर लेकर सघन पूछताछ की जाएगी. इधर, इस घटना को लेकर जैन समाज में भारी आक्रोश है. समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई और फांसी की सजा की मांग की है. घायल मां अनिता का उपचार जारी है, जिनका बयान पूरे मामले में अहम माना जा रहा है. परिजनों और समाजजनों का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से युवती को परेशान कर रहा था और जबरन बात करने का दबाव बनाता था. इस संबंध में पहले भी पुलिस से शिकायत की गई थी, लेकिन तब आरोपी से केवल माफीनामा लिखवाकर छोड़ दिया था, लोगों का कहना है कि यदि उस समय सख्त कार्रवाई होती, तो आज विधान की जान बच सकती थी.

# घर में काम कर रही महिला को आया साइलेंट अटैक, मौत

**इंदौर.** आजाद नगर थाना क्षेत्र में अपने घर में रोजमर्रा का काम करते समय एक महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई. परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण साइलेंट अटैक बताया जा रहा है. घटना पवनपुरी पालदा की है, यहां रहने वाली 50 वर्षीय मीना पति मनोहर मंगलवार को घर में अपने रोजमर्रा के काम कर रही थीं. इसी दौरान उन्हें अचानक चक्कर आया और वे जमीन पर गिर पड़ीं. हालत बिगड़ते देख परिजन तुरंत उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया.

सूचना मिलने पर आजाद नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है. पुलिस के अनुसार प्रायमरी तौर पर मौत साइलेंट अटैक से होना प्रतीत होती है, वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी.

### एक नजर में

# माउंट लिटरा जी स्कूल महू ने रचा इतिहास




**महू.** छावनी परिषद द्वारा प्रतिवर्षानुसार 26 जनवरी को गैरिसन ग्राउंड पर गणतंत्र दिवस परेड प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में महू एवं इंदौर क्षेत्र के अनेक विद्यालय बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और इसमें जीतना अपनी गरिमा का विषय समझते हैं. इस वर्ष माउंट लिटरा जी स्कूल, महू के विद्यार्थियों की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया.माउंट लिटरा जी स्कूल ने नृत्य प्रतियोगिता में ऑपरेशन सिंदूर विषय पर देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया तथा माध्यमिक विभाग से एकल गायन में भी प्रथम स्थान पाकर स्वर्ण पदक जीता. वहीं, एकल गीत प्रतियोगिता में भी माध्यमिक विभाग से आयान थापा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उद्बोधन (भाषण) प्रतियोगिता में स्वर्णिम तिवारी को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया. चित्रकला में माध्यमिक विभाग से समृद्धि सिंह ने तृतीय स्थान तथा रांगोली प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से श्रेया मालवीया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता. खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया. विद्यालय के चेयरमैन तारिक कुरैशी, प्राचार्य राकेश भाटिया, विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास का परिणाम है.

# डॉ. कनक राजेश पटेरिया जयपुर में सम्मानित



**महू.** गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय मानव अधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग की प्रदेश सचिव एवं महू निवासी डॉ. कनक राजेश पटेरिया को वायएसएस इंडिया की ओर से वर्ष 2026 का राष्ट्रीय गौरव सम्मान प्रदान किया गया. यह भव्य सम्मान समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से आए सैकड़ों गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे. इस अवसर पर डॉ. पटेरिया को यह सम्मान सामाजिक सेवा, महिलाओं को रोजगार से जोड़ने तथा बच्चों के कल्याण के लिए निरंतर किए जा रहे उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया. समारोह में सेवानिवृत्त आईपीएस अनिल कुमार जैन, राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नरेंद्र कुमार जैन, राजस्थान पुलिस सर्कल इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह, भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी कैप्टन रमेश चंद्र त्रिपाठी द्वारा डॉ. पटेरिया को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया.

# दंडीर ने किया अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण



**महू.** नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी दीपक सिंह दंडीर, सह प्रभारी धर्मेंद्र, महू शहर प्रभारी मलिक खान ने कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ अंबेडकर जन्मस्थली पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने दौरे की शुरुआत की. ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अजय सिंह धनावत ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महू शहर अध्यक्ष आमिर खान शहर कांग्रेस महामंत्री अमित अग्रवाल, बैकुंठ पटेल, शैलेश कदम परवेज खान, किशोर पटेल, विकास यादव, अजहर नूर, मुदस्सर खान, विकी मल्होत्रा, मुन्ना पहलवान आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे. जिन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को नमन किया. इसके पश्चात सभी नेता शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेश जोशी के पिता के देहावसान पर शोक व्यक्त करने पहुंचे. इसके पश्चात संगठन सृजन अभियान के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल हुए.

# महिला सिक्युरिटी गार्ड हत्याकांड का खुलासा, 2 गिरफ्तार

## एक साथी के साथ मिलकर दो भाइयों ने की थी हत्या

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र की गंगा धाम कॉलोनी में महिला की नृशंस हत्या के अंधे मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. चोरी के उद्देश्य से घर में घुसकर महिला का दम घोंटकर हत्या की गई थी. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है.**



एडीसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि बाणगंगा थाना क्षेत्रांतर्गत गंगा धाम कॉलोनी में शुक्रवार 23 जनवरी को टीसीएस कंपनी में हाउस कीपिंग का कार्य करने वाली गायत्री पति सुनील धीमान उम्र 40 वर्ष का शव उसके घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिला था. मृतका के हाथ पैर बंधे हुए थे तथा मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वैज्ञानिक एवं विधि सम्मत तरीके से जांच प्रारंभ की. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की दम घोंटकर हत्या किया जाना प्रमाणित हुआ. उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी.

आरोपियों की तलाश के दौरान मंगलवार की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अमित मौर्य और सुमित मौर्य ऑटो से फरार होने की फिराक में हैं. सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर सुपर कॉरिडोर चौराहे के पास सर्विस रोड पर ऑटो को रोकने का प्रयास किया. पुलिस को देखकर आरोपी तेज गति से भागने लगे, लेकिन अंधेरा और ऊबड़-खाबड़ रास्ता होने के कारण ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में गिर गया, जिससे दोनों आरोपियों के हाथ-पैर में चोटें आईं. पुलिस ने दोनों को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार कराया.

### सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों से धराए आरोपी

घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने अंधे कत्ल का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे. जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास लगे 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले, इसके साथ ही पड़ोसियों और क्षेत्रवासियों से पूछताछ की गई तथा तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया. संकलित साक्ष्यों के आधार पर मृतका के पड़ोस में किराए से रहने वाले दो भाइयों अमित मौर्य उम्र 32 वर्ष, सुमित मौर्य उम्र 30 वर्ष तथा अमित गड़ेकर निवासी वीणा नगर की भूमिका सामने आई.

**चोरी के इरादे से पहुंचे थे महिला के घर-** पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे कई दिनों से मृतका की दिनचर्या पर नजर रखे हुए थे. चोरी के उद्देश्य से सुबह के समय वे उसके घर में घुसे, हाथ-पैर बांधकर और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई. इसके बाद घर से नकदी और जेवरात चोरी कर फरार हो गए. घटना में शामिल तीसरा आरोपी अमित गड़ेकर निवासी वीणा नगर फिलहाल फरार है. उसके खिलाफ पूर्व में भी बाणगंगा थाने में चोरी का प्रकरण दर्ज है. उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है. मामले में जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# आजाद नगर की चोरी का खुलासा, आरोपी धराया

**इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में सूने मकान में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.37 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए हैं.**



थाना प्रभारी निरीक्षक लोकेश सिंह भदौरिया ने बताया कि हुसैनी चौक, आजाद नगर में रहने वाले एक दंपति 27 जनवरी को पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर बाहर गए थे. इसी दौरान अज्ञात आरोपी ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर लिए. घर लौटने पर घटना का पता चलने पर दंपति ने आजाद नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर शानू उर्फ शाहनवाज खान पिता नासिर हुसैन उम्र 23 वर्ष निवासी हुसैनी चौक, आजाद नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की.

### आरोपी से यह सामान किया गया बरामद

पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया. आरोपी के कब्जे से एक सोने का रानी हार, एक जोड़ सोने के झुमके, एक सोने की चेन, एक सोने का पेंडेंट, एक जोड़ चांदी की पायल, 10 नग चांदी की बिछिया और एक चांदी की चेन सहित 8 लाख 37 हजार रुपये मूल्य के आभूषण बरामद किए हैं. आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है.

# चाकूबाजी से दहशत फैलाने वालों की निकली हेकड़ी

## पुलिस से भागते वक्त टूटे पैर, तीनों आरोपी पकड़ाए

**इंदौर. चाकूबाजी कर इलाके में दहशत फैलाने वाले बदमाश आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गए. हीरा नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

**खास बात यह रही कि पुलिस से बचने की कोशिश में भागते वक्त तीनों गिर पड़े, जिससे उनके पैर टूट गए और गिरफ्तारी आसान हो गई.**

थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि चाकूबाजी की वारदात के बाद से आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहे थे और मोबाइल लोकेशन भी बंद रख रहे थे. सूचना मिलने पर अलग-अलग टीम बनाकर उनकी घेराबंदी शुरू की.

इसी दौरान दबिश से घबराकर आरोपी भागने लगे, लेकिन जल्दबाजी में गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए. इसके बाद पुलिस ने तीनों को मौके से ही दबोच लिया. पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं.

### पुलिस पूछताछ जारी

वारदात के बाद से ये लोग इलाके में दहशत फैलाने के इरादे से फरार थे, लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते ज्यादा देर तक बच नहीं पाए. फिलहाल तीनों आरोपियों को उपचार के बाद पुलिस अभिरक्षा में रखा है. उनके खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है. पुलिस यह भी पूछताछ कर रही है कि वारदात में और कौन-कौन लोग शामिल थे और कहीं किसी और घटना को अंजाम देने की साजिश तो नहीं रची जा रही थी.

### एक नजर में

**गौर कुंड चौराहा से सुभाष मार्ग की ओर जाने वाला मार्ग पिछले दो महीनों से पड़ा हुआ है बदहाल**

# खजूरी बाजार रोड पर धीमी गति से डाली जा रही पाइप लाइन, लोग परेशान

**इंदौर. शहर में विकास कार्यों की धीमी गति और समय पर काम न होने के कारण नागरिकों को हो रही परेशानियां एक गंभीर समस्या है. इस तरह की लापरवाही न केवल बुनियादी ढांचे को प्रभावित करती है, बल्कि कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाती है.**





मामला जर्जर सडक़ से जुड़ा हुआ है, खजूरी बाजार रोड पर गौर कुंड चौराहा से सुभाष मार्ग की ओर जाने वाला अहिल्यापुरा मार्ग पिछले दो महीनों से बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है. यहां नगर निगम द्वारा नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया था, जिसके लिए पहले से बनी पक्की सडक़ को खोद दिया गया, लेकिन कार्य की रफ्तार इतनी धीमी है कि लाइन डालने के बावजूद अब तक सडक़ का पुनर्निर्माण नहीं किया गया है.

बताया जाता है कि सीवरेज लाइन डालने के बाद भी नगर निगम द्वारा नई लाइन से संबंधित शुल्क या अन्य औपचारिकताओं को लेकर अनावश्यक देरी की जा रही है, जिसके कारण सडक़ निर्माण रुका हुआ है. वर्तमान में सडक़ कच्ची अवस्था में है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कच्ची और जर्जर सडक़ के कारण आए दिन यातायात जाम की स्थिति बन रही है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को दिक्कत हो रही है.

इस बदहाल स्थिति के चलते उनका कारोबार लगभग ठप हो चुका है. वाहनों की आवाजाही से उडऩे वाली धूल से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है. क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से शीघ्र सडक़ निर्माण कर समस्या के समाधान की मांग की है.

### यह बोले रहवासी...



ड्रेनेज लाइन का कार्य तो हो चुका है, बस सडक़ का निर्माण होना बाकी है. इस जर्जर सडक़ के कारण धूल उड़ती है, लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है.

**- सुरेंद्र सोनी**



शहर का सबसे ज्यादा व्यस्त है. इस कारण यहां चारों तरफ से यातायात आता है. जर्जर सडक़ के कारण दिनभर वाहन गिरते रहते हैं, लोग परेशान रहते हैं.

**- भोले**



सडक़ का कार्य अभी तक नहीं किया गया, जिसके कारण इधर से लोग नहीं आ रहे हैं. ऐसे में यहां के सभी व्यापारियों का व्यापार दस प्रतिशत रह गया है.

**- राजकुमार काला**